City of Melbourne की लाइब्रेरियों के बारे में:

• सदस्यता निःशुल्क है।

• लाइब्रेरी की कलेक्शन में किताबें, मैगज़ीन, समाचार-पत्र, CDs, DVDs, और वीडियो गेम्स शामिल हैं।

• ईबुक्स, ईऑडियोबुक्स, ईन्यूज़पेपर्स, ईमैज़ीन्स और फिल्म स्ट्रीमिंग जैसे डिजिटल संसाधनों को आपके पुस्तकालय खाते में लॉग इन करके एक्सेस किया जा सकता है।

• यदि आप पहचान और विक्टोरियाई पते का प्रमाण दिखाते/दिखाती हैं, तो आप अधिकतम 50 वस्तुएँ उधार पर ले सकते/सकती हैं।

• यदि आप केवल पहचान का प्रमाण दिखाते/दिखाती हैं और विक्टोरियाई पते का प्रमाण नहीं दिखाते/दिखाती हैं, तो आप अधिकतम 2 वस्तुएँ उधार पर ले सकते/सकती हैं।

• अधिकांश वस्तुएँ तीन सप्ताह तक के लिए उधार पर ली जा सकती हैं। हॉट पिक्स एक सप्ताह के लिए उधार पर ली जा सकती हैं।

• अधिकांश वस्तुओं को अधिकतम चार बार नवीनीकृत किया जा सकता है, जिसमें हॉट पिक्स और पुस्तकालय के किसी अन्य सदस्य द्वारा आरक्षित वस्तुओं के लिए अपवाद है।

• अधिकांश वस्तुओं को कैटलॉग, वेबसाइट, City of Melbourne Libraries एप या पुस्तकालय के किसी सदस्य से पूछकर आरक्षित किया जा सकता है।

• वस्तुएँ सप्ताह में सातो दिन, दिन में 24 घंटे City of Melbourne की किसी भी लाइब्रेरी के रिटर्न द्वार के माध्यम से वापिस की जा सकती हैं।

City of Melbourne की लाइब्रेरियाँ कई सेवाएँ प्रदान करती हैं, जिनमें शामिल हैं:

• लाइब्रेरी की शाखाओं में असीमित WiFi। सार्वजनिक एक्सेस कंप्यूटर सीमित समय के लिए प्रयोग किए जा सकते हैं।

• बच्चों और वयस्कों के लिए कार्यक्रम।

• अंग्रेज़ी वार्तालाप कक्षाएँ।

• 3डी प्रिंटिंग सहित निःशुल्क मेकरस्पेस सुगमता।

• 20 सेंट प्रति पेज की दर पर प्रिंटिंग और फोटोकॉपीइंग। स्कैनिंग निःशुल्क है।

• लिंक्डइन लर्निंग, मैंगो लैंग्वेजस, रोड टु आईईएलटीएस, स्टोरीबॉक्स, बिज़ी थिंग्ज़ और लिटरेसी प्लैनेट जैसे शैक्षिक संसाधनों की निःशुल्क सुलभता।

• उन लोगों के लिए एक होम लाइब्रेरी जो किसी रोग, दुर्बलता या विकलाँगता के कारण शारीरिक तौर पर लाइब्रेरी नहीं जा सकते हैं।

• अनुसंधान, प्रौद्योगिकी का प्रयोग या लाइब्रेरी का प्रयोग जैसे विषयों पर बुनियादी सहायता प्रदान करने के लिए Book a Librarian सेवा।

और अधिक जानकारी के लिए melbourne.vic.gov.au/libraries देखें